भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.3196**

जिसका उत्तर 21.12.2023को दिया जाना है

**मेघालय में सड़क परियोजनाएं**

3196. कुमारी अगाथा के. संगमा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मेघालय में चल रही सड़क निर्माण परियोनजाओं का ब्यौरा क्या है और राज्य में सड़क अवसंरचना के विकास के लिए वित्तपोषण और संवितरण की वर्तमान स्थिति क्या हैं;

(ख) मेघालय के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क निर्माण परियोजनाओं का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए क्या तंत्र है;

(ग) आगामी वर्षों में मेघालय के लिए उल्लिखित प्रमुख सड़क संपर्क लक्ष्यों और प्राथमिकताओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) सड़क निर्माण परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण संबंधी चिंताओं और सामुदायिक भागीदारी जैसी चुनौतियों का समाधान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ड.) क्या मेघालय में सड़क निर्माण पहल में संवहनीय और पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) मेघालय में सड़क अवसंरचना के विकास में तेजी लाने के उद्देश्य से किसी भी सार्वजनिक-निजी भागीदारी या सहयोग का ब्यौरा क्या है; और

(छ) सड़क परियोनजाओं को समय पर पूरा करने में देरी या लागत वृद्धि को रोकने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। रारा के विकास के लिए धनराशि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), राष्ट्रीय राजमार्ग और बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल), सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के संबंध में एजेंसी-वार और राज्य लोक निर्माण को राज्य-वार

आवंटित/वितरित की जाती है, न कि परियोजना-वार। मेघालय राज्य में चल रही परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में संलग्न है।

(ख) मेघालय के विभिन्न क्षेत्रों सहित विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए परियोजनाएं यातायात स्तर, कनेक्टिविटी की आवश्यकता, संसाधनों की उपलब्धता और अंतर-प्राथमिकता के आधार पर शुरू की जाती हैं।

(ग) मेघालय सहित उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए निर्धारित प्रमुख सड़क संपर्क का लक्ष्य सीमावर्ती क्षेत्रों में रणनीतिक महत्व की सड़कों को बढ़ाने और पड़ोसी देशों के साथ कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए यातायात आवश्यकताओं के अनुसार राज्य की राजधानियों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों को उन्नत करना है।

(घ) और (ङ) मेघालय सहित पहाड़ी क्षेत्रों में नाजुक पहाड़ी ढलानों की सुरक्षा, ब्रेस्ट वॉल के प्रावधान, क्रॉस ड्रेनेज (सीडी) संरचनाओं, काटने और भरने के संतुलित उपायों, स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों का उपयोग आदि को शामिल करके रारा विकास परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करते समय पर्यावरण संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखा जाता है। रारा विकास परियोजनाओं को शुरू करते समय स्थानीय समुदायों से उनकी स्थानीय चिंताओं को दूर करने के लिए परामर्श किया जाता है। स्थानीय समुदाय भी एनएच विकास कार्यों की निर्माण गतिविधियों में भाग लेते हैं।

(च) मेघालय सहित रारा कार्यों को विभिन्न तरीकों जैसे आइटम दर अनुबंध, इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) और अन्य सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) जैसे हाइब्रिड वार्षिकी मॉडल (एचएएम), बिल्ड ऑपरेट ट्रांसफर (बीओटी) आदि पर कार्यान्वित किया जाता है।

(छ) रारा विकास और रखरखाव कार्यों का नियमित रूप से प्राधिकरण के अभियंता (एई) / स्वतंत्र अभियंता (आईई), पर्यवेक्षण सलाहकार आदि के माध्यम से पर्यवेक्षण किया जाता है। पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, एनएचआईडीसीएल, बीआरओ जैसी विभिन्न निष्पादन एजेंसियों के फील्ड अधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रालय के मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उनके समय पर पूरा होने को सुनिश्चित करने और रारा परियोजनाओं की देरी या लागत वृद्धि को रोकने के लिए रारा कार्यों का निरीक्षण और निगरानी करते हैं।

**अनुबंध**

**'मेघालय में सड़क परियोजनाएं'** के संबंध में **कुमारी अगाथा के. संगमा** द्वारा दिनांक 21.12.2023 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित **प्रश्न सं. 3196 के भाग (क)** के उत्तर में उल्लिखित **अनुबंध**

| **क्र. सं.** | **कार्य का नाम** | **संस्वीकृत लागत (करोड़ रु.)** | **सौंपने की तिथि** | **भौतिक प्रगति (%)** |
|---|---|---|---|---|
| **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** | **(5)** |
| 1 | पुलों (कुल लंबाई = 5.915 किमी) के निर्माण सहित मेघालय राज्य में किमी 214.00 पर रारा-40ई और किमी 58.210 पर रारा-44 को जोड़ने वाले जोवाई बाईपास का पेव्ड शोल्डर सहित निर्माण।<br>जॉब संख्या 44ई/एमजी/2020-21/165 | 93.59 | 09.12.2022 | 23.72 |
| 2 | वर्ष 2021-22 के लिए शिलांग-नॉन्गस्टोइन रोड रारा-44ई (नया रारा-106) के पुलिया आउटलेट (2रे, 3रे, 4थे, 5वें और 18वें पर) सहित 5वें और 9वें किमी पर रिटेनिंग वॉल, (2, 3, 4, 8, 12, 13, 16, 18वां, 19वां और 21वां) किमी पर ब्रेस्ट वॉल के साथ 2/00 किमी से 22/00 किमी (कुल लंबाई 20.00 किमी) तक पेव्ड शोल्डर का निर्माण<br>जॉब सं. 44ई-एमजी-2021-22-167 | 47.64 | 25.08.2022 | 81.00 |
| 3 | वर्ष 2021-2022 के लिए ईपीसी मोड पर मेघालय राज्य में किमी 162/100 से किमी 177/000 तक डॉकी-अमलारेम-जोवाई (रारा-40ई) (नया रारा-206) का सुदृढ़ीकरण<br>जॉब सं. 40ई-एमजी-2021-22-168 | 43.70 | 25.08.2022 | 96.00 |
| 4 | वित्त वर्ष 2021-22 में ईपीसी मोड के तहत मेघालय राज्य में किमी 0+00 से किमी 93+800 तक डब्ल्यू-मेटल बीम क्रैश बैरियर, आर/दीवार, बी/दीवार, संकेतक, सड़क फर्नीचर आदि, फुटपाथ, नालियों के निर्माण सहित चै. 88/400 पर सुरक्षा कार्यों के साथ अतिरिक्त चौड़ीकरण<br>जॉब सं. 127बी-एमजी-2021-22-169 | 9.45 | 12.09.2022 | 75.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | वित्तीय वर्ष 2021-22 में एसबीडी का उपयोग करके आइटम दर के आधार पर मेघालय राज्य में शिलांग नोंगस्टोइन तुरा रोड के रारा-127बी के 96वें, 103वें, 122वें, 130वें और 149वें किमी पर मौजूदा पक्की नाली के लिए सीसी स्लैब कवर का निर्माण, 96वें, 114वें, 139वें किमी और 148वें किमी पर क्षतिग्रस्त डब्ल्यू-मेटल बीम क्रैश बैरियर आदि को बदलना, 121वें किमी पर मौजूदा आर/दीवार का पुनर्निर्माण<br>(जॉब सं.127बी/एमजी/2021-22/170) | 2.59 | 25.08.2022 | 100.00 |
| 6 | ईपीसी मोड के तहत मेघालय राज्य में रारा-51 (नया 217) के 23वें किमी से 63वें किमी तक रिटेनिंग वॉल और ब्रेस्ट वॉल, पक्की साइड ड्रेन, क्रैश बैरियर, सड़क संकेतक, आदि का निर्माण और 96वें किमी से 101वें किमी तक तुरा टाउन भाग में संवेदनशील स्थान पर ब्रेस्ट वॉल का निर्माण और 97वें किमी के जंक्शन पर सुधार<br>जॉब सं.51/एमजी/2022-23/171 | 9.23 | 08.06.2023 | 0.00 |
| 7 | मेघालय राज्य में पहुंचमार्गों सहित रारा-62 पर किमी 121 (पुल संख्या 121/2) में रोंगडिक नदी पर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण के शेष कार्य का प्राक्कलन | 15.00 | 10.12.2021 | 24.00 |
| 8 | ईपीसी मोड पर मेघालय राज्य में एसएआरडीपी-एनई चरण-क के तहत नोंगस्टोइन - वाहकाजी खंड के किमी 0 + 000 से किमी 43 + 060 तक मिट्टी शोल्डर के साथ इंटरमीडिएट लेन के लिए परियोजना सड़क का पुनर्स्थापन और उन्नयन | 302.88 | 11.08.2021 | 49.31 |
| 9 | रारा (मूल)-एनई आरएमबी-I के तहत मेघालय राज्य में रानीकोर-महेशखोला-बाघमारा परियोजना के एसएच-4 खंड पर रानीकोर-नॉन्गहिलम-महेशकोला-बाघमारा के (डिजाइन अध्याय 0.000 से अध्याय 129.385 तक) पैकेज-I: मौजूदा चै. 0.000 से चै. 31.700 (पैकेज-1) को 2 लेन का बनाना | 306.28 | 09.03.2019 | 96.87 |
| 10 | रारा (मूल)-एनई आरएमबी-II के तहत मेघालय राज्य में रानीकोर-महेशखोला-बाघमारा परियोजना के एसएच-4 खंड पर नोंगजरी (डिजाइन चै. 30.00 किमी) से महेशकोला (डिजाइन चै. 55.525 किमी) तक मिट्टी शोल्डर के साथ 2-लेन में सुधार/चौड़ीकरण | 261.40 | 07.03.2022 | 27.36 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| 11 | एसएआरडीपी-एनई "चरण-ए" आरएमबी-III के तहत ईपीसी मोड पर मेघालय राज्य में रानीकोर-नॉन्गहिलम-महेशखोला-बाघमारा राज्य सड़क खंड के महेशकोला से कनाई तक मौजूदा चेनेज 59.270 से किमी 85.970 (डिजाइन चेनेज 55.525 से 79.680 तक) डिजाइन लंबाई 24.155 किमी मिट्टी के शोल्डर के साथ 2-लेन का सुधार/चौड़ीकरण | 260.21 | 27.03.2021 | 69.27 |
| 12 | एसएआरडीपी-एनई आरएमबी-IV के तहत ईपीसी मोड पर 'पूर्वोत्तर मेघालय राज्य में कनाई से रोंगारा तक रानीकोर-महेशकोला-बाघमारा राज्य सड़क खंड के मौजूदा चेनेज किमी 85.970 से किमी 102.345 तक (डिजाइन चेनेज किमी 81.100 से किमी 96.000 तक) डिजाइन लंबाई 14.763 किमी मिट्टी के शोल्डर के साथ दो लेन में सुधार/चौड़ीकरण | 146.92 | 30.09.2020 | 68.80 |
| 13 | एसएआरडीपी 'एनई आरएमबी-V के तहत ईपीसी मोड पर मेघालय राज्य में रानीकोर-महेशकोला-बाघमारा राज्य सड़क खंड के रोंगारा से पांडा तक मौजूदा किमी 102+345 से किमी 119+810 (किमी 96+000 से किमी 112+300 तक डिजाइन चेनेज) डिजाइन लंबाई - 16.300 किमी, को मिट्टी के शोल्डर साथ दो लेन में सुधार/चौड़ीकरण | 146.88 | 30.09.2020 | 86.50 |
| 14 | ईपीसी आरएमबी-VI आधार पर मेघालय राज्य में रानीकोर-महेशकोला-बाघमारा परियोजना के एसएच-4 खंड पर पांडा (डिजाइन चै. 112.300 किमी) से बाघमारा (डिजाइन चै. 129.385 किमी) (आर-एम-बी पैकेज-VI) तक मिट्टी शोल्डर के साथ दो लेन में सुधार/चौड़ीकरण | 144.99 | 27.01.2022 | 42.53 |
| 15 | शिलांग-डावकी (पैकेज-1) के बीच रारा-44 ई के (डिजाइन किमी 0.00 से किमी 10.670 तक) / (डिजाइन किमी 0.00 से किमी 0.930) तक पेव्ड शोल्डर के साथ 2-लेन तक सुधार/चौड़ीकरण/4 लेन का बनाना - शेष कार्य | 351.12 | 24.07.2023 | 2.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 16 | रारा-40 के शिलांग-डावकी (पैकेज-2) के बीच (डिजाइन किमी 10.670 से किमी 37.550 तक) पेव्ड शोल्डर के साथ 2-लेन में सुधार/चौड़ाई - शेष कार्य | 525.68 | 16.10.2023 | 0.00 |
| 17 | जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) की ऋण सहायता से मेघालय राज्य में रारा-51 के तुरा डालू रोड के किलोमीटर 85,000 से 95,000 और 101,000 से 145,000 तक जेआईसीए फंडिंग के तहत तुरा डालू खंड का ज्यामितीय सुधार के साथ पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में चौड़ीकरण | 610.09 | 28.03.2018 | 58.20 |
| 18 | रारा (मूल)-एनई के तहत मेघालय राज्य में नोंगस्टोइन-रामबराई-किरशाई सड़क से मेघालय-असम सीमा तक के किमी 0.335 से किमी 34.039 तक का 2-लेन में पुनर्स्थापन और उन्नयन एनआरके पैकेज-I | 359.86 | 27.01.2022 | 66.00 |
| 19 | एसएआरडीपी-एनई चरण-क के तहत ईपीसी मोड एसडब्ल्यूबी-I पर मेघालय राज्य में लाडुमसॉ के निकट प्रारंभ होने वाला शिलांग पश्चिमी बाईपास (रारा-40 के मौजूदा किमी 60.900) से रारा-106 (पुराना रारा-44ई), किमी 0+000 से किमी 12+800 (पैकेज-I) तक 2 लेन/पेव्ड शोल्डर सहित 4 लेन का निर्माण | 620.03 | 24.03.2023 | 0.00 |
| 20 | एसएआरडीपी-एनई चरण-क के तहत ईपीसी मोड एसडब्ल्यूबी-II पर मेघालय राज्य में लाडुमसॉ के निकट प्रारंभ होने वाला शिलांग पश्चिमी बाईपास (रारा-40 के मौजूदा किमी 60.900) से रारा-106 (पुराना रारा-44ई), किमी 12+800 से किमी 24+700 (पैकेज-II) तक 2 लेन/पेव्ड शोल्डर सहित 4 लेन का निर्माण | 686.03 | 24.03.2023 | 0.00 |
| 21 | एसएआरडीपी-एनई चरण-क के तहत ईपीसी मोड एसडब्ल्यूबी-III पर मेघालय राज्य में लाडुमसॉ के निकट प्रारंभ होने वाला शिलांग पश्चिमी बाईपास (रारा-40 के मौजूदा किमी 60.900) से रारा-106 (पुराना रारा-44ई), किमी 24+700 से किमी 38+256 (पैकेज-III) तक 2 लेन/पेव्ड शोल्डर सहित 4 लेन का निर्माण | 562.48 | 24.03.2023 | 0.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 22 | ईपीसी मोड पर भारतमाला परियोजना (लॉट-1) पैकेज-1बी के तहत मेघालय राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 217 (दैनाडुबी-दारुगिरी खंड) के डिजाइन किमी 0+000 से किमी 40+840 (डिजाइन लंबाई = 40.840 किमी) (पुराने रारा-62 के मौजूदा किमी 8+ 600 से किमी 53+000 तक) को पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन में सुधार/चौड़ीकरण | 705.83 | 31.03.2023 | 0.00 |
| 23 | ईपीसी मोड पर भारतमाला परियोजना (लॉट-1) पैकेज-1बी के तहत मेघालय राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 127बी (दारुगिरी - सोंगसाक - विलियमनगर जंक्शन खंड) के डिजाइन किमी 0+000 से किमी 36+635 (डिजाइन लंबाई = 36.635 किमी) (मौजूदा किमी 112+000 से किमी 151+060 तक) पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन का सुधार और चौड़ीकरण | 801.07 | 31.03.2023 | 0.00 |
| **कुल** | | **7012.95** | | |

*****